समाचार

निगम में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

कोरबा 31 अक्टूबर 2020 —शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत आज 31 अक्टूबर को नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया तथा आयुक्त श्री एस.जयवर्धन द्वारा निगम के अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस संबंधी शपथ दिलाई गई।

भारत सरकार गृहमंत्रालय नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने के प्राप्त निर्देशों के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया तथा निगम के समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस संबंधी शपथ ली। इस मौके पर अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, लेखाधिकारी आनंद गुप्ता, निगम सचिव पवन वर्मा सहित निगम कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली।